DQI221

3

# मेरा परिवार



ये चित्र एक परिवार का है। क्या सभी परिवार ऐसे ही होते हैं? इस परिवार में माता–पिता और बच्चे हैं। आओ अब कुछ और परिवारों के बारे में जानें –

रमा कांकेर में रहती है। वह अपनी माँ, पिताजी, दादा, दादी, ताऊजी, चाचा, बुआजी और भाई के साथ रहती है। सबका खाना नीचे रसोई में एक साथ बनता है। सभी की कोशिश होती है कि सभी मिलकर खाना खाएँ।


रमा की माँ शाम को सब बच्चों को पढ़ाती है। घर के अन्य काम परिवार के सदस्य मिल–जुलकर करते हैं। अभी–अभी रमा के चाचा की शादी हुई है जिससे रमा के परिवार में एक नए सदस्य के रुप में चाची आ गई हैं। अगले माह बुआजी की शादी है, वह अपने ससुराल चली जाएगी। रमा के भाई की नौकरी पूना में लग गई है, अगले माह से भाई पूना रहने चला जाएगा।

लक्ष्मी अपनी माँ और नाना–नानी के साथ महासमुंद में रहती है। उसकी माँ का नाम मीनाक्षी है। मीनाक्षी ने शादी नहीं की है। उसने लक्ष्मी को गोद लिया है। मीनाक्षी शिक्षिका है। जब वह स्कूल जाती है तो लक्ष्मी की देखभाल उसके नाना–नानी करते हैं। वे ही उसे खाना खिलाते हैं और स्कूल के काम में उसकी मदद करते हैं। कभी–कभी लक्ष्मी के घर मामा–मामी और मौसा–मौसी के बच्चे भी आ जाते हैं। ये सब मिलकर खूब खेलते हैं और एक–दूसरे की मदद करते हैं।

अब तुम समझ गए होंगे कि परिवार क्या है? और सभी परिवार एक जैसे नहीं किन्तु अलग–अलग होते हैं। यहाँ रमा के परिवार को वंश वृक्ष द्वारा दर्शाया गया है –

## (9) मेरा परिवार

रमा के परिवार का वंश वृक्ष




चलो अब तुम भी अपने परिवार का वंश वृक्ष अपनी कॉपी में बनाओ। इसके लिए किसी बड़े की मदद लो।

दिए गए वाक्यों को पढ़ो और जो सही है उस पर ( ✓) का निशान लगाओ।

1. आमतौर पर एक परिवार के लोग आपस में एक–दूसरे जैसे दिखते हैं। (.....)
2. परिवार के लोगों का आपस में बहुत प्यार होता है। (.....)
3. एक परिवार में जन्म होने या शादी होने से हम उस परिवार का हिस्सा हो जाते हैं। (.....)
4. परिवार में बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल होती है। (.....)
5. परिवार में सदस्यों का आपस में झगड़ा हो तो भी प्यार बना रहता है। (.....)

1. तुम्हारे परिवार में कौन–कौन हैं? उनके नाम और उनका तुमसे क्या रिश्ता है? लिखो। (.....)

| **नाम** | **तुमसे रिश्ता** | **नाम** | **तुमसे रिश्ता** |
|---|---|---|---|
| राशि | बहन | | |

2. अपने परिवार के सदस्यों के गुण लिखो?

| क्र. | सदस्य | गुण |
|---|---|---|
| 1. | माँ | कम्प्यूटर में सभी प्रकार के काम कर लेती हैं। |

3. परिवार में सभी सदस्य मिल–जुलकर काम करते हैं। तुम अपने परिवार के सदस्यों के कामों में किस तरह मदद करते हो? लिखो?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

4. क्या तुम्हारे घर में सब एक साथ खाना खाते हैं? यदि नहीं तो क्यों?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

5. सबसे आखिर में खाना कौन खाता है?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

6. खाना बनाने में कौन मदद नहीं करता और क्यों?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

7. हम परिवार में एक–दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं। नंदनी ने अपने चाचा से साइकिल चलाना सीखा। तुमने भी अपने परिवार से बहुत कुछ सीखा है क्या और किससे? क्या किसी को तुमने भी कुछ सिखाया है?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

8. नीचे कुछ बातें लिखी गई हैं। इनके बारे में सोचो और लिखो? जैसे –
जब मैं उदास हो जाती हूँ तब मैं ........................ के पास जाती हूँ।
जब मुझसे कोई गलती हो जाती है तो मैं ................ के पास जाती हूँ।
मैं कोई खुशखबरी सबसे पहले ..................... को सुनाती हूँ।
ऐसी और भी बातें अपनी कॉपी में लिखें।

9. रमा अपने दादा–दादी को जोर–जोर से समाचार–पत्र पढ़ कर सुनाती हैं। तुम अपने परिवार के बुजुर्गों की कैसे मदद करते हो?

## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. तुम अपने परिवार के छोटे सदस्यों की मदद कैसे करते हो?
2. क्या तुम्हारा परिवार कोई काम–धंधा करता है? यदि हाँ तो क्या?

### लिखित

1. इस तालिका में रिश्ते (माता, पिता, भाई, बहन, चाचा, चाची, ताऊ, ताई, दादा, दादी) ढूँढे एवं उन पर गोला लगाओ –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ल | पि | ब | पो | चा | ची |
| मा | ता | ह | ता | ड | दा |
| ता | ख | न | मा | मी | दा |
| ध | ता | ऊ | ता | ई | सु |
| भा | ई | न | चा | अ | ग |
| छ | ख | ज | चा | दा | दी |

2. क्या तुम्हारे परिवार के अपने कुछ रिवाज हैं? यदि हाँ तो कौन–कौन से?
3. क्या तुम्हारे परिवार में किसी की कोई खास आदत है, जैसे – जोर से हँसना, मजाक करना लिखो।

## खोजो आस–पास

एक परिवार में किन–किन कारणों से बदलाव आते हैं ? अपने आस–पास पता कर अपने कक्षा में इस पर बातें करें। मुख्य बातों को कॉपी में लिखो।

DQPH4K